# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या 6 | दिनांक 21/4/04

सेवा में,

अध्यक्ष,
बिहार राज्य विद्युत बोर्ड,
<u>प ट ना।</u>

विषयः- श्री बाल कृष्ण झा, बि०प्र०से०, संयुक्त सचिव बि०रा० वि० बोर्ड श्री ठाकुर रविन्द्र कुमार निदेशक{विभागीय कार्यवाही} बि०रा०वि० बोर्ड के द्वारा दुर्व्यहार करने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में संघ को सूचना दी गयी है कि दिनांक 17/4/2004 को 10.45 बजे बोर्ड के मुख्यालय भवन के सामने श्री ठाकुर रविन्द्र कुमार, निदेशक {विभागीय कार्यवाही} बि०रा०वि० बोर्ड द्वारा श्री झा के साथ दुर्व्यहार किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी । श्री झा का लिखित प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध है कि दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

ह०/-
{ वैद्यनाथ प्रसाद }
अध्यक्ष ।

ह०/-
{विपिन कुमार सिन्हा}
महा सचिव ।

Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 6 दिनांक 21-3-04

**दिनांक 20.3.2004 को संपन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही :**

(1) उपस्थिति पंजी के अनुसार :

(2) श्री बैद्यनाथ प्रसाद, निदेशक (प्रशासन)-सह- उप सचिव, से0प्रा0एवं वयस्क शिक्षा विभाग द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गयी।

(3) सर्वसम्मति से दिनांक 4.11.2003 को संपन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गयी।

(4) बिहार प्रशासनिक सेवा की पदाधिकारियों की सभी स्तर पर प्रोन्नतियाँ पिछले चार वर्षों से रुकी हुई हैं। इन प्रोन्नतियों के रुके रहने से न केवल बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के बीच असंतोष है, बल्कि राज्य सरकार भी वरीय पदों पर प्रोन्नति होने के योग्य पदाधिकारियों की सेवा से वंचित हैं, फलस्वरूप सरकार में मध्यम स्तरिय प्रशासनिक पदों में अधिकांशतः रिक्त हैं तथा अधिकांश पद दोहरे प्रभारों में होने के कारण प्रशासन सभी स्तर पर नियंत्रणहीन हो गया है। इस परिस्थिति में विधि व्यवस्था से लेकर विकास कार्य एवं अन्य प्रशासनिक नियंत्रण बूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

कई जिलों में अपर समाहर्त्ता एवं जिला/अनुमण्डल स्तर पर वरीय उप-समाहर्त्ताओं का पद रिक्त है, सचिवालय की भी स्थिति यही है।

85वाँ संविधान संशोधन के आलोक में निर्गत संकल्प संख्या-213 दिनांक 7.6.2002 के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश रिट याचिका संख्या-61 एवं 62/2002 में दिनांक 8.4.2002 को पारित अन्तरिम आदेश एवं तत्तसंबंधी माननीय पटना उच्च न्यायालय एवं विद्वान महाधिवक्ता /विधि विभाग के परामर्श के आलोक में रिक्तियों के विरुद्ध प्रोन्नतियाँ इस शर्त के साथ दी जा सकती है कि प्रोन्नति/वरीयता माननीय उच्चतम न्यायालय के अन्तिम आदेश से प्रभावित होगा। सरकार द्वारा जल संसाधन

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक



विभाग/पथ निर्माण विभाग/गृह विभाग में इसी शर्त पर प्रोन्नतियाँ दी गई है। विभिन्न राज्यों में भी इसी प्रकार की तदर्थ प्रोन्नतियाँ दी जा रही है। केन्द्रीय कार्यकारणी पुनः यह माँग करती है कि सरकार एवं प्रशासनिक सेवा के सदस्यों के हित में सभी रिक्त पदों को शीघ्र प्रोन्नति से भरें।

(5) बिहार प्रशासनिक सेवा के सम्वर्गीय कुप्रबन्धन पर भी सदस्यों द्वारा चिन्ता व्यक्त की गई। विशेष कर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में पूर्ण कालीक सचिव के स्थायी तौर पर पदस्थापन नहीं करने के विन्दू पर रोष प्रकट किया गया।

यह माँग किया गया कि सरकार स्थायी तौर पर एक पखवारा के अन्दर निश्चित तौर पर पूर्ण कालिक सचिव पदस्थापित करें।

(6) राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों पर बढ़ते हमलों पर चिन्ता व्यक्त की गई। हाँल में श्री मोबुज्ज-दीन, अंचलाधिकारी, किशनगंज पर जानलेवा हमला से उत्पन्न विषम परिस्थिति पर गम्भीरता से विचार किया गया तथा यह माँग किया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्यों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध करायी जायं। जिससे की वे पदाधिकारी अपने कर्त्तव्यों का निष्पादन सही ढंग से कर सके। संघ यह भी माँग करती है कि कार्यालय प्रधान के रूप में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों को एक-एक अंगरक्षक तथा सरकारी वाहन एवं छोटा अग्नेयास्त्र तुरन्त उपलब्ध कराया जाय।

(7) केन्द्रीय कार्यकारणी समिति में बिहार, प्रशासनिक सेवा के सेवा शर्तों के विभिन्न विन्दुओं पर विचार-विमर्श हुआ एवं यह माँग किया गया कि अन्य राज्यों के अनुरूप 8000-13,500/-का वेतनमान् बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य सेवा शर्तों में सुधार करें।

(8) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी के रूप में पदस्थापित बिहार

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या                                                                 दिनांक



प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को अक्सर विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु कार्रवाई करना पड़ता है। परन्तु उनकी अधिसूचना कार्य- पालक दण्डाधिकारी के रूप में पदस्थापन की अवधि तक नियमित रूप में नहीं होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। संघ यह मांग करता है कि ऐसे पदाधिकारियों को नियमित रूप से विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कार्यपालक दण्डाधिकारी की नियमित शक्तियाँ अधिसूचित ~~करें~~ की जाय।

(9) केन्द्रीय कारिणी समिति की बैठक में यह भी निर्णय ~~xxxxx~~ लिया गया कि सामान्यतः प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को संघ भवन में अपराह्न 6 बजे बैठक होगी जिसकी सूचना महासचिव द्वारा बैठक में अपनायी जाने वाली एजेंडा के साथ ससमय दी जायगी।

(10) केन्द्रीय कारिणी समिति द्वारा सभी जिला ईकाई से पुनः अनुरोध किया गया कि वे नई कार्यकारिणी का गठन कर लें।

(11) अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

21.3.07

(वैद्यनाथ प्रसाद)
अध्यक्ष।

प्रतिलिपि: उपाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/कोषाध्यक्ष/केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

21/3/07

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव।

(TWI)
Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1
(पंजीयन-633/2003)

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या	दिनांक



प्रतिलिपि: अध्यक्ष/ सचिव, सभी जिला ईकाई; सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(signature) 21/3/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव ।

प्रतिलिपि: माननीया मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार सरकार/ सचिव, गृह/ कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(signature) 21/3/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव ।

(1) माननीया मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव बिहार पटना — पत्रांक (6) दिनांक 21-3-04 (signature) 25/3/04

(2) मुख्य सचिव, बिहार सरकार — पत्रांक-(6) दिनांक 21-3-04 (signature) 25/3

(3) सचिव कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार पटना. — पत्रांक-6 दिनांक-21-3-04 (signature) 25/3/04

(4) सचिव, गृह विभाग बिहार, पटना. — पत्रांक-6 दिनांक 21-3-04

(signature) 25/3/04